माहेश्वरी समाज ने व्यवसाय, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में समाज और देश का नाम रोशन किया है: लोक सभा अध्यक्ष

…

माहेश्वरी समाज ने अपने परिश्रम से सदैव देश को आगे बढ़ाया है: लोक सभा अध्यक्ष

…

महेश नवमी माहेश्वरी समाज पर भगवान शिव के असीम आशीर्वाद का पर्व है: लोक सभा अध्यक्ष

…

लोक सभा अध्यक्ष ने महेश नवमी कार्यक्रम को सम्बोधित किया

…

नई दिल्ली; 26 मई, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज आयोजित महेश नवमी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान शिव और माँ पार्वती के आशीर्वाद से इस दिन माहेश्वरी कुल की उत्पत्ति हुई थी। "वंशोत्पत्ति दिवस" के पावन अवसर पर माहेश्वरी समुदाय के बीच बंधुत्व और सहयोग की भावना पर बल देते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह त्यौहार संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने आगे कहा कि माहेश्वरी समाज ने व्यवसाय, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में समाज और देश का नाम रोशन किया है। श्री बिरला ने माहेश्वरी समाज के युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं ने व्यापार के साथ शिक्षा और जीवन के अनेक क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने आगे कहा कि युवा आज नई सोच, नवाचार और रिसर्च की बल पर समाज की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं।

महेश नवमी की शुभकामनाएं देते हुए श्री बिरला ने कहा कि शिव भक्ति का यह पर्व माहेश्वरी समाज पर भगवान शिव के असीम आशीर्वाद का पर्व है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान शिव के आशीष के कारण देश भर में माहेश्वरी समाज अपनी अथक सेवा और समर्पण के लिए जाना जाता है। निःस्वार्थ सेवा और परमार्थ की भावना माहेश्वरी समाज की विशेषता रही है।

कोरोना महामारी के कठिन समय का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि माहेश्वरी समाज के लोगों ने तत्परता से मानवता की सेवा का परिचय दिया। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के अनेक क्षेत्रों में माहेश्वरी समाज का उल्लेखनीय योगदान रहा है तथा राष्ट्र के विकास में माहेश्वरी बंधुओं की प्रमुख भागीदारी रही है।

माहेश्वरी समाज द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के संदर्भ में श्री बिरला ने कहा कि समाज के अनेक प्रतिष्ठित लोगों ने व्यापार, शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक, राजनीतिक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी; कला और संगीत तथा खेल और साहित्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां हासिल की हैं।

देश के स्वतंत्रता आंदोलन में माहेश्वरी समाज की भागीदारी की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद राष्ट्रनिर्माण में माहेश्वरी समाज ने प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा कि रोजगार उत्सर्जन हो या अर्थव्यवस्था का विकास माहेश्वरी समाज के लोगों ने अपने परिश्रम से सदैव देश को आगे बढ़ाया है और अपने धैर्य और कड़ी मेहनत से सभी देशवासियों को प्रेरणा दी है।श्री बिरला ने इस अवसर पर एकत्रित सभी लोगों को अमृतकाल में देश को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना में सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया।